हरिद्वार–रूड़की विकास प्राधिकरण, हरिद्वार

66वीं बैठक का एजेण्डा

दिनांकः 22/01/2019

समयः– पूर्वान्ह् 11:00 बजे

स्थानः– आयुक्त कैम्प कार्यालय, देहरादून (सभागार)

हरिद्वार–रूड़की विकास प्राधिकरण, हरिद्वार की 66वीं बोर्ड बैठक दिनांक 22.01.2019 हेतु प्रस्तावित एजेण्डा मद

सं0	विषय	पृष्ठ संख्या
1	प्राधिकरण की 64वीं बोर्ड बैठक दिनांक 08.02.2018 एंव 65 वीं बोर्ड बैठक (परिचालन के माध्यम से) दिनांक 09.03.2018 के कार्यवृत्त की पुष्टि।	01
2	हरिद्वार–रूडकी विकास प्राधिकरण, की 64 वीं बोर्ड बैठक दिनांक 08.02.2018 की अनुपालन_आख्या।	02 से 10 तक
3	हरिद्वार–रूडकी विकास प्राधिकरण, की बैठक 65 वीं बोर्ड बैठक (परिचालन के माध्यम से) दिनांक 09.03.2018 की अनुपालन आख्या।	11
4	ऋषिकेश महायोजना प्रारूप–2031 की प्रदर्शनी जन–सामान्य के आपत्ति/सुझाव हेतु लगाये जाने का कार्य किये जाने विषयक।	12
5	स्वीकृत हरिद्वार महायोजना 2025 पर आधारित जोनल प्लान में प्राप्त आपत्ति/सुझाव के निस्तारण विषयक।	13
6	भवन मानचित्र से सम्बन्धित विभिन्न शुल्कों के निर्धारण से सम्बन्धित शासनादेश संख्या 297/V–2/06(आ0) 2016/2018 दिनांक 10.09.2018 को कतिपय संशोधन के साथ अंगीकृत किये जाने के सम्बन्ध में।	14
7	भवनों/भूखण्ड़ों की कीमत पर पुर्नमूल्यांकन हेतु लगायी जाने वाली ब्याज दर के सम्बन्ध में।	15 से 16 तक
8	आवासीय एवं व्यवसायिक सम्पत्तियों में अपात्र व्यक्तियों का आरक्षण समाप्त करने के सम्बन्ध में।	17 से 18 तक
9	प्राधिकरण बोर्ड के पुर्नगठन के सम्बन्ध में।	19
10	श्री श्रीपाल पुत्र श्री इमरत निवासी झबीरन जट पोस्ट मंगलौर जिला हरिद्वार में अपने आवासीय परिसर में स्थापित कराये गये मोबाइल टावर की शमन स्वीकृति हेतु मार्ग की चौडाई में शिथिलता प्रदान करने विषयक।	20
	अतिरिक्त एजेण्डा मद	
11	हरिद्वार–रूडकी विकास प्राधिकरण का वित्तीय वर्ष 2019–20 का प्रस्तावित आय–व्ययक वित्तीय वर्ष 2018–19 का दिनांक 31.12.2018 तक का वास्तविक आय–व्यय तथा वित्तीय वर्ष 2019–20 हेतु प्राधिकरण का निम्नलिखित आय–व्ययक अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।	21 से 25 तक
12	प्रदेश में आवास विभाग के अन्तर्गत विभिन्न प्राधिकरणों में आवासीय एंव गैर आवासीय भवनों के शमन शुल्क की दरों का पुनर्रीक्षण किये जाने के सम्बन्ध में।	26
13	उत्तराखण्ड शासन, आवास अनुभाग–2, देहरादून द्वारा प्रस्तावित एकल आवास, व्यवसायिक भवनों, आवासीय भू–उपयोग में व्यवसायिक दुकान तथा आवासीय क्षेत्रों में नर्सिंग होम/क्लीनिक/ ओ0पी0डी0 /पैथोलोजी लैब/डाइग्नोस्टिक सेन्टर/चाइल्ड केयर/नर्सरी स्कूल कैच एंव प्ले ग्रुप को एक बार समाधान योजना के तहत शमन/विनियमितिकरण किये जोन के सम्बन्ध में।	27
14	प्राधिकरण में लिपिकीय श्रेणी के अनुभवी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनकी सहमति के आधार पर पुनः संयत वेतन पर सेवायें प्राप्त किये जाने विषयक।	28
15	अध्यक्ष की अनुमति से अन्य मद।	29

पत्रावली संख्या /प्रशा0–2(क)–22/79/2018–19

मद संख्या 66–(01)

प्राधिकरण की 64वीं बोर्ड बैठक दिनांक 08.02.2018 एवं 65वीं बोर्ड बैठक दिनांक 09.03.2018 के कार्यवृत्त की पुष्टि

प्राधिकरण की 64 वीं बोर्ड बैठक दिनांक 08.02.2018 को एंव 65वीं बोर्ड बैठक (परिचालन के माध्यम से) दिनांक 09.03.2018 को आयोजित की गयी थी। उक्त बैठकों के कार्यवृत्त पर कोई आपत्ति/सुझाव प्राप्त नहीं हुये हैं। अतः निवेदन है कि 64 वीं एंव 65वीं बोर्ड बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की जाय।

हरिद्वार–रूड़की विकास प्राधिकरण, हरिद्वार की 66वीं बोर्ड बैठक

दिनांक 22–01–2019 का कार्यवृत्त।

प्राधिकरण की 64वीं बोर्ड बैठक दिनांक 08–02–2018 को मा0 अध्यक्ष, हरिद्वार–रूड़की विकास प्राधिकरण, हरिद्वार की अध्यक्षता में आयुक्त /अध्यक्ष कैम्प देहरादून के सभागार में आयोजित की गयी :–

बैठक की उपस्थिति :–

1. श्री शैलेश बगौली, आयुक्त, गढ़वाल मण्डल / अध्यक्ष,एच.आर.डी.ए.	अध्यक्ष
2. श्री आलोक कुमार पाण्डेय, उपाध्यक्ष, एच0आर0डी0ए0	उपाध्यक्ष
3. श्री प्रेम सिंह राणा, अनु सचिव (सचिव,आवास विभाग के प्रतिनिधि)	पदेन सदस्य
4. श्री दिनेश चन्द्रा, मुख्य अभियन्ता (सचिव, सिंचाई विभाग के प्रतिनिधि)	पदेन सदस्य
5. श्री एस0के0पन्त, मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक (नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उत्तराखण्ड)	पदेन सदस्य
6. श्री गोपाल सिंह चौहान, उप जिला अधिकारी हरिद्वार (जिलाधिकारी हरिद्वार के प्रतिनिधि)	पदेन सदस्य
7. श्री सनातन सोनकर, डायेरेक्टर राजाजी टाईगर रिजर्व, देहरादून	विशेष आमन्त्रित सदस्य
8. श्री राजीव धीमान, डी0एफ0ओ0 देहरादून	विशेष आमन्त्रित सदस्य
9. श्री रोशन रतूड़ी, अध्यक्ष, नगर पालिका मुनि कीरेती	पदेन सदस्य
10.श्री तंजीम अली, मुख्य वित्त अधिकारी (नगर आयुक्त, नगर निगम हरिद्वार के प्रतिनिधि)	पदेन सदस्य
11.श्री आनन्द सिंह, सहायक अभियन्ता (नगर आयुक्त, नगर निगम ऋषिकेश के प्रतिनिधि)	पदेन सदस्य
12.मौ0 मीसम, अधिशासी अभियन्ता, (प्रमुख सचिव,पेयजल के प्रतिनिधि)	पदेन सदस्य

सर्वप्रथम हरिद्वार–रूड़की विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष द्वारा आयुक्त/ अध्यक्ष एवं सभी सदस्यों का स्वागत किया गया तत्पश्चात् अध्यक्ष की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई :–

मद संख्या–66 (01) प्राधिकरण की 64वीं बोर्ड बैठक दिनांक 08–02–2018 एवं 65वीं बोर्ड बैठक दिनांक 09–03–2018 के कार्यवृत्त /अनुपालना की पुष्टि की गई ।

Secretary

Vice Chairman

Chairman

पत्रावली संख्याः प्रशा0–2(क)–22/79/2018–19

मद संख्या 66 (02)
हरिद्वार–रूडकी विकास प्राधिकरण, की 64 वीं बोर्ड बैठक दिनांक 08.02.2018 की अनुपालन आख्या :–

क0सं0	मद सं0	विषय	निर्णय	अनुपालन
01.		स्वीकृत हरिद्वार महायोजना 2025 में प्रस्तावित विभिन्न प्रखण्डों के जोनल डवलपमेन्ट प्लान तैयार किये जाने विषयक।		
	60वीं मद सं0 (3–अ)	हरिद्वार महायोजना 2025 भाग–अ के जोनल प्लान के सम्बन्ध में।	प्रकरण प्राधिकरण की 64वीं बोर्ड बैठक के मद संख्या 04 पर विस्तृत विवरण सहित प्रस्तुत किया गया।	प्रकरण प्राधिकरण की 64वीं बोर्ड बैठक के मद संख्या 04 पर विस्तृत विवरण सहित प्रस्तुत किया गया।
	60वीं मद सं0 (3–ब)	ऋषिकेश महायोजना भाग–ब (2011–2026) तैयार कराये जाने विषयक।	ऋषिकेश महायोजना भाग–ब (2011–2026) तैयार कराये जाने विषयक प्रस्ताव पर बोर्ड द्वारा कार्य को अनुबन्ध के अनुसार समयान्तर्गत सम्पादित न किये जाने पर मुख्य नियोजक द्वारा अवगत कराया गया है कि महायोजना के ड्राफ्ट को तैयार कर दिया गया जिस पर कार्य को शीघ्र सम्पन्न करने के निर्देश बोर्ड द्वारा दिये गये।	निर्णय के अनुपालन मे अवगत कराना है कि ऋषिकेश महायोजना–ब (2031) के सम्बन्ध में मुख्य नगर एंव ग्राम नियोजक के पत्र संख्या 1337 दिनांक 02.07.18 के माध्यम से सूचित किया गया है कि ऋषिकेश महायोजना 2031 का ड्राफ्ट तैयार कर लिया गया है। अतः प्रश्नगत एजेण्डा मद को समाप्त करते हुए महायोजना ड्राफ्ट की स्वीकृति के सम्बन्ध में **विस्तृत विवरण सहित एजेण्डा पृथक से मद संख्या 04 पर प्रस्तुत है।**
	60वीं मद सं0 (3–स)	हरिद्वार–रूड़की विकास प्राधिकरण के गठन उपरान्त प्राधिकरण क्षेत्र में सम्मिलित रूड़की क्षेत्र हेतु महायोजना तैयार कराये जाने विषयक	हरिद्वार–रूड़की विकास प्राधिकरण के गठन उपरान्त प्राधिकरण क्षेत्र में सम्मिलित रूड़की क्षेत्र हेतु महायोजना तैयार कराये जाने विषयक प्रस्ताव पर बोर्ड द्वारा विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य नियोजक द्वारा अवगत कराया गया कि कार्यदायी संस्था द्वारा सर्वे का कार्य पूर्ण कर लिया गया जिस पर कार्य को प्राथमिकता से समयान्तर्गत सम्पादित किये जाने के निर्देश बोर्ड द्वारा दिये गये।	निर्णय के अनुपालन में अवगत कराना है कि रूडकी महायोजना के बेस मैप का कार्य पूर्ण कराकर महायोजना तैयार कराये जाने का कार्य उडा द्वारा मैसर्स एन0एफ0 इन्फाटैक प्रा0 लि0. द्वारा कराये जाने हेतु दिनांक 09.04.2018 को अनुबन्ध निष्पादित किया गया है। जिसके अनुसार उक्त कार्य दिनांक 04.03.2019 तक पूर्ण कराया जाना प्रस्तावित है।

मद संख्या–66–02 (01.अ)

60–(3.स) हरिद्वार–रूड़की विकास प्राधिकरण के गठन उपरान्त प्राधिकरण क्षेत्र में सम्मिलित रूड़की क्षेत्र हेतु महायोजना तैयार कराये जाने विषयक प्रस्ताव पर बोर्ड द्वारा विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य नियोजक द्वारा अवगत कराया गया कि कार्यदायी संस्था द्वारा मै0 एन0एफ0 इन्फ्राटैक प्रा0 लि0 को अनुबन्ध के अनुसार के अनुसार कार्य समाप्ति तिथि दिनांक 04–03–2019 तक शीर्ष प्राथमिकता से समयान्तर्गत सम्पादित किये जाने के निर्देश बोर्ड द्वारा दिये गये।

63–(20) हरिद्वार में हर की पैडी क्षेत्र श्रवणनाथ नगर भीमगोडा , गोविन्दपुरी, नया हरिद्वार आदि आवासीय क्षेत्रों में निर्मित आवासों को गेस्ट हाउस, लॉज एवं होटलों के नियमितीकरण हेतु मानक सिद्धान्त तैयार किये जाने विषयक प्रकरण पर बोर्ड द्वारा विस्तार से चर्चा की गई तदोपरान्त सर्व–सम्मति से विस्तृत नियम तथा पर्यटन विभाग के अद्यतन नियम आदि के साथ समिति की रिर्पोट (Report) आगामी बोर्ड बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये है।

मद संख्या–64 (05) मायापुर हरिद्वार स्थित वर्तमान नगर निगम कार्यालय परिसर को ध्वस्त करते हुए प्राधिकरण द्वारा आवासीय /व्यावसायिक योजना का विकास एवं निर्माण कार्य विषयक प्रस्ताव पर बोर्ड द्वारा सम्यक विचार–विमर्श किया गया तदोपरान्त बोर्ड द्वारा निर्देश दिये गये कि योजना के सभी पहलुओं /बिन्दुओं पर विस्तृत परीक्षण कर लिया जाये तथा जन–सामान्य एवं अन्य माध्यमों से सुझाव प्राप्त करते हुए प्रस्तावित योजना को व्यावसायिक काम्पलेक्स, (होटल) तथा आवासीय में से कौन योजना वित्तीय दृष्टि से ठीक है, योजना के डिजाईन/ ड्राईंग /माडयूल हेतु एक कन्सल्टेंट की नियुक्ति तथा उक्त कार्य हेतु एम0डी0डी0ए0 से भी सहयोग प्राप्त करते हुए सुस्पष्ट प्रस्ताव आगामी बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये।

Secretary Vice Chairman Chairman

अध्यक्ष की अनुमति से अन्य मद।				
02.	63वीं, मद संख्या–20	हरिद्वार में हर की पैडी क्षेत्र श्रवणनाथ नगर, भीमगोडा, गोविन्दपुरी, नया हरिद्वार आदि आवासीय क्षेत्रों में छोटे–छोटे भूखण्डों एवं निर्मित आवासों को गेस्ट हाउस, लॉज एवं होटलों को एक मानक तय करते हुऐ इनके नियमितीकरण किये जाने विषयक	हरिद्वार में हर की पैडी क्षेत्र श्रवणनाथ नगर भीमगोडा, गोविन्दपुरी, नया हरिद्वार आदि आवासीय क्षेत्रों में निर्मित आवासों को गेस्ट हाउस, लॉज एवं होटलों को एक मानक तय करते हुऐ इनके नियमितीकरण किये जाने विषयक प्रकरण पर बोर्ड द्वारा विस्तार से चर्चा की गई तदोपरान्त सर्व–सम्मति से विस्तृत नियम तथा पर्यटन विभाग के अद्यतन नियम आदि के साथ आगामी बोर्ड बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये है।	निर्णय के अनुपालन में अवगत कराना है कि हरिद्वार में हर की पैडी क्षेत्र श्रवणनाथ नगर भीमगोडा, गोविन्दपुरी, नया हरिद्वार आदि आवासीय क्षेत्रों में निर्मित आवासों को गेस्ट हाउस, लॉज एवं होटलों को एक मानक तय करते हुए इनके नियमितीकरण हेतु कार्यालय आदेश संख्या 2480 दिनांक 08.11.2017 **(संलग्नक ग)** द्वारा समिति गठित की गयी। कार्यवाही गतिमान है।
03.	64वीं मद संख्या–(03)	हरिद्वार–रूडकी विकास प्राधिकरण का वित्तीय वर्ष 2017–18 का पुनरीक्षित आय–व्यय तथा वित्तीय वर्ष 2018–19 हेतु प्राधिकरण का निम्नलिखित प्रस्तावित आय–व्ययक प्राधिकरण की बोर्ड के सक्षम अनुमोदनार्थ प्रेषित।	हरिद्वार–रूड़की विकास प्राधिकरण, हरिद्वार का वित्तीय वर्ष 2017–18 का पुनरीक्षित बजट एवं वित्तीय वर्ष 2018–2019 का प्रस्तावित आय–व्ययक पर विस्तार से प्रत्येक मदवार विचार–विमर्श किया गया तथा विस्तृत चर्चा उपरान्त प्राधिकरण का वर्ष 2017–18 का पुनरीक्षित बजट एवं वित्तीय वर्ष 2018–2019 के प्रस्तावित बजट को प्राधिकरण बोर्ड द्वारा सर्व–सम्मति से अनुमोदित किया गया।	निर्णय के अनुपालन में कार्यवाही की जा रही है।
04.	64वीं मद संख्या–(04)	स्वीकृत हरिद्वार महायोजना–2025 के आधार पर जोनल डेवलेपमैन्ट प्लान पर जनसामान्य से सुझाव एंव आपत्ति आमंत्रित किये जाने के सम्बन्ध में	स्वीकृत हरिद्वार महायोजना–2025 के आधार पर जोनल डवलपमैन्ट प्लान पर बोर्ड द्वारा सम्यक विचार–विमर्श किया गया तदोपरान्त सभी 11 प्रखण्डों पर जन–सामान्य से सुझाव एवं आपत्ति आमन्त्रित किये जाने के निर्देश दिये गये तथा एजेण्डा मद में प्रस्तावित समिति को भी अनुमोदित किया गया।	निर्णय के अनुपालन में अवगत कराना है कि स्वीकृत हरिद्वार महायोजना भाग (अ)–2025 के आधार पर जोनल डेवलेपमैन्ट प्लान पर जनसामान्य से प्राप्त सुझाव एवं आपत्तियों पर सुनवाई बोर्ड द्वारा गठित समिति द्वारा दिनांक 13.07.18 को पूर्ण की जा चुकी है। जिसपर समिति द्वारा अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। अतः प्रश्नगत एजेण्डा मद को समाप्त करते हुए प्रकरण विस्तृत विवरण सहित एजेण्डा पृथक से **मद संख्या 05** पर प्रस्तुत है।
05.	64वीं मद संख्या–(05)	मायापुर हरिद्वार स्थित वर्तमान नगर निगम कार्यालय परिसर को ध्वस्त करते हुए प्राधिकरण द्वारा आवासीय/ व्यवसायिक योजना का विकास एंव निर्माण कार्य।	मायापुर हरिद्वार स्थित वर्तमान नगर निगम कार्यालय परिसर को ध्वस्त करते हुए प्राधिकरण द्वारा आवासीय /व्यावसायिक योजना का विकास एवं निर्माण कार्य विषयक प्रस्ताव पर बोर्ड द्वारा सम्यक विचार–विमर्श किया गया तदोपरान्त प्रस्ताव पर सैद्वान्तिक सहमति देते हुए योजना के सभी पहलुओं/बिन्दुओं पर विस्तृत परीक्षण करने के निर्देश प्राधिकरण को दिये गये कि यह परीक्षण कर लिया जाये कि प्रस्तावित योजना को व्यावसायिक, (होटल) तथा आवासीय में से कौन योजना वित्तीय दृष्टि से ठीक है, तदनुसार कार्यवाही की जाय।	निर्णय के अनुपालन में अवगत कराना है कि प्रश्नगत स्थल पर आवासीय बहुमंजिले भवन अथवा होटल निर्मित किये जाने के सम्बन्ध में फिजिबिल्टी रिपोर्ट तैयार करायी जा रही है।

06.	64वीं मद संख्या–(06)	हरिद्वार–रूडकी विकास प्राधिकरण द्वारा नगर निगम कार्यालय निर्मित कराये जाने तथा नगर निगम हरिद्वार की कतिपय सम्पत्तियों को कय किये जाने के सम्बन्ध में	हरिद्वार–रूड़की विकास प्राधिकरण द्वारा नगर निगम कार्यालय निर्मित कराये जाने तथा नगर निगम हरिद्वार की कतिपय सम्पत्तियों को क्रय किये जाने विषयक प्रस्ताव पर बोर्ड द्वारा सम्यक विचार–विमर्श किया गया तदोपरान्त प्रस्ताव पर सैद्वान्तिक सहमति देते हुए योजना के सभी पहलुओं /बिन्दुओं पर विस्तृत परीक्षण करने, योजना के डिजाईन/ ड्राईग /कन्सल्टेन्ट पर होने वाले व्यय /फीस आदि को भारत सरकार की लिखित सहमति प्राप्त होने के उपरान्त किये जाने तथा कन्सल्टेन्ट की फीस आदि का निर्धारण प्रचलित शासनादेश से अधिक नहीं किये जाने के निर्देश प्राधिकरण को दिये गये।	निर्णय के अनुपालन में अवगत कराना है कि नगर निगम द्वारा अपने कार्यालय भवन का निर्माण स्वयं से कराया जा रहा है। बोर्ड द्वारा दिये गये निर्देश के अनुपालन में भूमि हस्तान्तरण हेतु नगर निगम हरिद्वार को कार्यालय पत्र संख्या 54 दिनांक 06.04.2018 द्वारा सर्किल मूल्य पर हस्तान्तरित किये जाने का प्रस्ताव प्रेषित किया गया है। उत्तर अपेक्षित है।
07.	64वीं मद संख्या–(07)	प्रधानमंत्री आवासीय योजना के अन्तर्गत इन्द्रलोक आवासीय योजना भाग–2 में निर्माणाधीन 528 दुर्बल आय वर्ग के भवनों के मूल्य निर्धारण के सम्बन्ध में	प्रधानमंत्री आवासीय योजना के अन्तर्गत इन्द्रलोक आवासीय योजना भाग–2 में निर्माणाधीन 528 दुर्बल आय वर्ग के भवनों के मूल्य निर्धारण विषयक प्रस्ताव पर बोर्ड द्वारा सम्यक विचार–विमर्श किया गया तदोपरान्त प्रस्ताव पर सैद्धान्तिक सहमति प्रदान की गई तथा मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन के आदेशानुसार कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये।	निर्णय के अनुपालन में अवगत कराना है कि प्राधिकरण बोर्ड द्वारा चयनित कार्यदायी संस्था कन्स्ट्रक्शन एण्ड डिजाईन सर्विसेज उ0प्र0जल निगम द्वारा तैयार किये गये डी0पी0आर0 की स्वीकृति मुख्य सचिव महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई अप्रेजल कमेटी की बैठक दिनांक 04.01.18 **(संलग्नक क)** में परियोजना की स्वीकृति प्रदान करते हुए भारत सरकार को प्रेषित किया गया। साथ ही साथ उक्त बैठक में यह भी निर्देश दिये गये कि प्राधिकरण कार्यदायी संस्था का चयन खुली निविदा के माध्यम से करे। तदोपरान्त कार्यदायी संस्था के अनुरोध पर प्राधिकरण द्वारा अपने कार्यालय पत्र संख्या 252 दिनांक 23.04.18 के द्वारा वर्णित परिस्थितियों में मा0 मुख्य सचिव द्वारा दिये गये निर्देश दिनांक 04.01.2018 पर मार्ग दर्शन/दिशा निर्देश सचिव, उत्तराखण्ड शासन आवास विभाग से चाहा गया। पुनः सचिव शहरी विकास विभाग की बैठक दिनांक 10.08.2018 में कतिपय सुझावों के साथ अपनी संस्तुति मा0 मुख्य सचिव महोदय को पत्र सं0 2565 दिनांक 12.09.2018 **(संलग्नक क)** के द्वारा प्रेषित की गयी। इसी मध्य उड़ा द्वारा भारत सरकार से केन्द्रीय सहायता की राशि भी अवमुक्त किये जाने के सम्बन्ध में सूचित किया गया। प्राधिकरण द्वारा उक्त परिस्थितियों के दृष्टिगत केन्द्रीय सहायता राशि अवमुक्त न करने का अनुरोध प्राधिकरण द्वारा अपने पत्र संख्या 1936 दिनांक 17.11.2018 के द्वारा किया गया है। **(संलग्नक क)**

मद संख्या–64 (06) हरिद्वार–रूड़की विकास प्राधिकरण द्वारा नगर निगम कार्यालय निर्मित कराये जाने तथा नगर निगम हरिद्वार की कतिपय सम्पत्तियों को क्रय किये जाने विषयक प्रस्ताव पर बोर्ड द्वारा सम्यक विचार–विमर्श किया गया तदोपरान्त प्रस्ताव पर विस्तृत परीक्षण करने, जन–सामान्य, अन्य माध्यमों से सुझाव प्रापत करने एवं योजना के डिजाईन/ ड्राईंग / माडयूल हेतु एक कन्सल्टेंट की नियुक्ति तथा उक्त कार्य हेतु एम0डी0डी0ए0 से भी सहयोग प्राप्त करते हुए सुविचारित प्रस्ताव आगामी बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये।

मद संख्या–64 (07) प्रधानमंत्री आवासीय योजना के अन्तर्गत इन्द्रलोक आवासीय योजना भाग–2 में निर्माणाधीन 528 दुर्बल आय वर्ग के भवनों के मूल्य निर्धारण विषयक प्रस्ताव पर बोर्ड द्वारा सम्यक विचार–विमर्श किया गया तदोपरान्त प्रस्ताव का पुनः परीक्षण, कार्यदायी संस्था का चयन खुली निविदा के माध्यम से किया जाये तथा मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन के आदेशानुसार कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये।

मद संख्या–64 (08) हरिद्वार स्थित बस स्टैण्ड को प्राधिकरण की ट्रांसपोर्ट नगर योजना में स्थानान्तरित करने विषयक प्रस्ताव पर बोर्ड द्वारा सम्यक विचार–विमर्श किया गया तदोपरान्त प्रस्ताव पर ए0आर0एम परिवहन निगम हरिद्वार, ए.आर.टी.ओ. हरिद्वार के साथ परीक्षण करने एवं जन–सामान्य से सुझाव आमन्त्रित करते हुए सुस्पष्ट प्रस्ताव आगामी बोर्ड बैठक में रखने के निर्देश दिये गये।

Secretary Vice Chairman Chairman

08.	64वीं मद संख्या–(08)	हरिद्वार स्थित बस स्टैण्ड को प्राधिकरण की ट्रांसपोर्ट नगर योजना में स्थान्तरित करने के सम्बन्ध में	हरिद्वार स्थित बस स्टैण्ड को प्राधिकरण की ट्रांसपोर्ट नगर योजना में स्थानान्तरित करने विषयक प्रस्ताव पर बोर्ड द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर बस अड्डे पर विचार–विमर्श किया गया तदोपरान्त प्रस्ताव पर सैद्धान्तिक सहमति देते हुए योजना के सभी पहलुओं /बिन्दुओं पर विस्तृत परीक्षण करने, योजना के डिजाईन/ ड्राईंग /कन्सल्टेन्ट पर होने वाले व्यय /फीस आदि को भारत सरकार की लिखित सहमति प्राप्त होने के उपरान्त किये जाने, कन्सल्टेन्ट की फीस आदि का निर्धारण प्रचलित शासनादेश से अधिक नहीं किये जाने एवं डी0पी0आर0 /डिजाईन तैयार करने वाली संस्था वैप्कास के कार्यो से असंतुष्टि जताई गई। उपरोक्त क्रम में विस्तृत डिजाईन /ड्राइंग आगामी बोर्ड बैठक में रखने के निर्देश दिये गये।	निर्णय के अनुपालन में अवगत कराना है कि संदर्भित प्रकरण में भारत सरकार की कम्पनी वैप्कॉस द्वारा परियोजना तैयार की गयी, जिसपर बोर्ड द्वारा असहमति व्यक्त की गयी तथा पुनः संशोधित प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने को दिये गये निर्देशों के अनुपालन में वैप्कॉस द्वारा किये गये कार्यों के भुगतान हेतु सचिव, शहरी विकास विभाग उत्तराखण्ड को कार्यालय पत्र संख्या 76 दिनांक 07.04.2018 के द्वारा अनुरोध किया गया है। (छायाप्रति संलग्नक ख)
09.	64वीं मद संख्या–(09)	हरिद्वार में वर्तमान बस अड्डे की भूमि पर पार्किंग स्थल एंव अन्य व्यवसायिक गतिविधियों के विकास के सम्बन्ध में	हरिद्वार में वर्तमान बस अड्डे की भूमि पर पार्किंग स्थल एवं अन्य व्यवसायिक गतिविधियों के विकास विषयक प्रस्ताव पर बोर्ड द्वारा सम्यक विचार–विमर्श किया गया तदोपरान्त प्रस्ताव पर सैद्धान्तिक सहमति देते हुए योजना के सभी पहलुओं /बिन्दुओं पर विस्तृत परीक्षण करने, योजना के डिजाईन/ ड्राईंग /कन्सल्टेन्ट पर होने वाले व्यय /फीस आदि की भारत सरकार का लिखित सहमति प्राप्त होने के उपरान्त किये जाने, कन्सल्टेन्ट की फीस आदि का निर्धारण प्रचलित शासनादेश से अधिक नहीं किये जाने के निर्देश के साथ एजेण्डा बिन्दु को सर्व–सम्मति से अनुमोदित किया गया।	निर्णय के अनुपालन में अवगत कराना है कि वैप्कॉस द्वारा किये गये कार्यों के भुगतान हेतु प्रकरण सचिव, शहरी विकास विभाग, उत्तराखण्ड को कार्यालय पत्र संख्या 76 दिनांक 07.04.2018 द्वारा संदर्भित किया गया है। (छायाप्रति संलग्नक ख)

मद संख्या–64 (09) हरिद्वार में वर्तमान बस अड्डे की भूमि पर पार्किंग स्थल एवं अन्य व्यवसायिक गतिविधियों के विकास विषयक प्रस्ताव पर बोर्ड द्वारा सम्यक विचार–विमर्श किया गया तदोपरान्त प्रस्ताव पर परिवहन निगम हरिद्वार, ए.आर.टी.ओ. हरिद्वार के साथ परीक्षण करने एवं जन–सामान्य से सुझाव आमन्त्रित करते हुए सुस्पष्ट प्रस्ताव आगामी बोर्ड बैठक में रखने के निर्देश दिये गये।

मद संख्या–64 (10) ऋषिकेश नगर निगम कार्यालय परिसर में पार्किंग एवं व्यवसायिक गतिविधियों के निर्माण विषयक प्रस्ताव पर बोर्ड द्वारा सम्यक विचार–विमर्श किया गया तदोपरान्त प्रस्ताव पर निदेशक, शहरी विकास विभाग, परिवहन निगम, ए.आर.टी.ओ. ऋषिकेश के साथ संयुक्त बैठक /परीक्षण करने एवं जन–सामान्य से सुझाव आमन्त्रित करते हुए सभी वित्तीय पहलुओं पर विस्तृत रिर्पोट (Report) के साथ सुस्पष्ट प्रस्ताव आगामी बोर्ड बैठक में रखने के निर्देश दिये गये।

मद संख्या–64 (11) उत्तराखण्ड शासन आवास अनुभाग द्वारा जारी अधिसूचना संख्या–1819 (2) दिनांक 13 नवम्बर, 2017 के द्वारा हरिद्वार–रूड़की विकास प्राधिकरण का विस्तार करते हुए हरिद्वार जिले के ऐसे भू–भाग जो पूर्व में प्राधिकरण क्षेत्र में सम्मिलित नहीं थे को सम्मिलित किया गया है, की महायोजना तैयार किये जाने विषयक प्रस्ताव पर कार्यवाही उडा स्तर से गतिमान है, बोर्ड द्वारा उडा को समयान्तर्गत कार्य सम्पादित करने के निर्देश दिये गये ।

Secretary

Vice Chairman

Chairman

10.	64वीं मद संख्या–(10)	ऋषिकेश नगर पालिका कार्यालय परिसर में पार्किंग एंव व्यवसायिक गतिविधियों के निर्माण के सम्बन्ध में	ऋषिकेश नगर पालिका कार्यालय परिसर में पार्किंग एवं व्यवसायिक गतिविधियों के निर्माण विषयक प्रस्ताव पर बोर्ड द्वारा सम्यक विचार–विमर्श किया गया तदोपरान्त प्रस्ताव पर सैद्धान्तिक सहमति देते हुए योजना के सभी पहलुओं /बिन्दुओं पर विस्तृत परीक्षण करने एवं योजना के डिजाईन/ ड्राईंग /कन्सल्टेन्ट पर होने वाले व्यय /फीस आदि को भारत सरकार की लिखित सहमति प्राप्त होने के उपरान्त किये जाने तथा कन्सल्टेन्ट की फीस आदि का निर्धारण प्रचलित शासनादेश से अधिक नहीं किये जाने के निर्देश के साथ एजेण्डा बिन्दु को सर्व–सम्मति से अनुमोदित किया गया।	निर्णय के अनुपालन में अवगत कराना है कि वैप्कॉस द्वारा किये गये कार्यों के भुगतान हेतु प्रकरण सचिव, शहरी विकास विभाग, उत्तराखण्ड को कार्यालय पत्र संख्या 76 दिनांक 07.04.2018 द्वारा संदर्भित किया गया है। (छायाप्रति संलग्नक ख)
11.	64वीं मद संख्या–(11)	उत्तराखण्ड शासन आवास अनुभाग द्वारा जारी अधिसूचना संख्या–1819 (2) दिनांक 13 नवम्बर, 2017 के द्वारा हरिद्वार–रूड़की विकास प्राधिकरण का विस्तार करते हुए हरिद्वार जिले के ऐसे भू–भाग जो पूर्व में हरिद्वार विकास प्राधिकरण क्षेत्र में सम्मिलित नही थे को सम्मिलित किया गया है, की महायोजना तैयार किये जाने के सम्बन्ध में।	उत्तराखण्ड शासन आवास अनुभाग द्वारा जारी अधिसूचना संख्या–1819 (2) दिनांक 13 नवम्बर, 2017 के द्वारा हरिद्वार–रूड़की विकास प्राधिकरण का विस्तार करते हुए हरिद्वार जिले के ऐसे भू–भाग जो पूर्व में प्राधिकरण क्षेत्र में सम्मिलित नहीं थे को सम्मिलित किया गया है, की महायोजना तैयार किये जाने विषयक प्रस्ताव पर बोर्ड द्वारा सम्यक विचार–विमर्श किया गया तदोपरान्त महायोजना तैयार किये जाने के निर्देश दिये गये।	निर्णय के अनुपालन में अवगत कराना है कि प्रश्नगत प्रकरण में कार्यवाही उडा स्तर पर गतिमान है। उडा का पत्र संख्या 1041 दिनांक 03.12.2018 **(संलग्नक घ)**
12.	64वीं मद संख्या–(12)	हरिद्वार स्थित होटल अलकनंदा में नवीन होटल बनाने हेतु विधिक अनुमति एवं अन्य औपचारिकताएं पूर्ण कराये जाने के सम्बन्ध में	हरिद्वार स्थित होटल अलकनंदा में नवीन होटल बनाने हेतु विधिक अनुमति एवं अन्य औपचारिकताएं पूर्ण कराये जाने विषयक प्रस्ताव पर बोर्ड द्वारा सम्यक विचार–विमर्श किया गया तदोपरान्त भू–उपयोग व्यावसायिक किये जाने का अनुमोदन किया गया तथा प्रकरण शासन को सन्दर्भित किये जाने के निर्देश दिये गये	निर्णय के अनुपालन में अवगत कराना है कि प्रश्नगत स्थल का भू उपयोग शासनादेश संख्या 705 दिनांक 02 मई 2018 द्वारा व्यवसायिक कर दिया गया है। **अतः प्रकरण एजेण्डा मद से समाप्त किये जाने योग्य है।**

13.	64वीं मद संख्या–(13)	उत्तराखण्ड परिवहन निगम डिपो कार्यशाला, ऋषिकेश में कन्ज्यूमर डीजल पम्प स्थापित करने हेतु अनापत्ति प्रामण पत्र जारी करने के सम्बन्ध में	उत्तराखण्ड परिवहन निगम डिपो कार्यशाला, ऋषिकेश में कन्ज्यूमर डीजल पम्प स्थापित करने हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र जारी करने विषयक प्रस्ताव पर बोर्ड द्वारा सम्यक विचार–विमर्श किया गया तदोपरान्त प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया तथा यह निर्देश दिये गये कि यह देख लिया जाये कि एन0जी0टी0 के द्वारा दिये गये निर्देशों का उल्लंघन न हो ।	निर्णय के अनुपालन में कार्यालय पत्रांक: 3764 दिनांक 19.03.2018 द्वारा उप सचिव, आवास अनुभाग–2, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून को बोर्ड के निर्णय से अवगत कराये जाने हेतु प्रेषित किया गया। उक्त के क्रम में अपर मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन द्वारा कन्ज्यूमर डीजल पम्प स्थापित करने हेतु भू–उपयोग परिवर्तन किये जाने के सम्बन्ध में पत्रांक संख्या–968 दिनांक 22.06.2018 प्राप्त हुआ, जिसके कम में कार्यालय पत्र संख्या 208 दिनांक 13.12.18 **(संलग्नक "ड़")** द्वारा सहायक महाप्रबन्धक, उ0प0नि0 ऋषिकेश को आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करने हेतु सूचित किया गया। कार्यवाही विचाराधीन है।
14.	64वीं मद संख्या–(14)	हरिद्वार–रूडकी विकास प्राधिकरण के कार्यों के संचालन हेतु ई0आर0पी0 सॉल्यूशन तैयार कराये जाने के सम्बन्ध में	हरिद्वार–रूड़की विकास प्राधिकरण के कार्यो के संचालन हेतु ई0आर0पी0 सॉल्यूशन तैयार कराये जाने विषयक प्रस्ताव पर बोर्ड द्वारा सम्यक विचार–विमर्श किया गया तदोपरान्त प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया।	निर्णय के अनुपालन में अवगत कराना है कि ई0आर0पी0 शॉल्यूशन तैयार कराये जाने हेतु विभिन्न कम्पनियों के माध्यम से उनके द्वारा तैयार सॉफ्टवेयर का प्रस्तुतिकरण कराया जा रहा है। इसके उपरान्त ई0आर0पी0 सॉल्यूशन का कार्य सार्वजनिक निविदा के माध्यम से सम्पादित कराया जायेगा।
15.	64वीं मद संख्या–(15)	हरिद्वार–रूडकी विकास प्राधिकरण में ऑनलाईन मानचित्र स्वीकृति एंव अन्य डाटा सुरक्षित रखे जाने हेतु Server एवं Online UPS स्थापित कराये जाने के विषयक	हरिद्वार–रूड़की विकास प्राधिकरण में ऑनलाईन मानचित्र स्वीकृति एवं अन्य डाटा सुरक्षित रखे जाने हेतु Server एवं Online UPS स्थपित कराये जाने विषयक प्रस्ताव पर बोर्ड द्वारा सम्यक विचार–विमर्श किया गया तदोपरान्त प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया।	दिनांक 22.03.2018 एंव दिनांक 16.04.2018 में निविदा आंमत्रित की गयी थी। किन्तु अर्हता पूर्ण न होने के कारण तकनीकी रूप में एन0आई0सी0 को सदस्य नामित करते हुए पुनः निविदा आमंत्रित की गयी है।
16.	64वीं मद संख्या–(16)	प्राधिकरण में संविदा के आधार पर एक ट्रांसपोर्टर प्लानर एंव एक पी0पी0पी0/ आई0टी0 एक्सपर्ट की नियुक्त किये जाने के सम्बन्ध में	प्राधिकरण में संविदा के आधार पर एक ट्रांसपोर्टर प्लानर एवं एक पी0पी0पी0/आई0टी0 एक्सपर्ट की तैनाती विषयक प्रस्ताव पर बोर्ड द्वारा सम्यक विचार–विमर्श किया गया तदोपरान्त प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया तथा पूर्व में मल्टी नेशनल कम्पनी/वर्ल्ड बैंक में कार्य करने वाले अनुभवी विशेषज्ञ को ही उक्त प्रोजेक्ट अवधि तक ही रखे जाने के निर्देश प्राधिकरण को दिये गये।	निर्णय के अनुपालन में आवश्यकता के दृष्टिगत नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। **अतः प्रकरण एजेण्डा मद से समाप्त किये जाने योग्य है।**
17.	64वीं मद संख्या–(17)	हरिद्वार विकास क्षेत्रान्तर्गत गंगा के किनारे स्थित भवनों को एक रंग में रंगे जाने के सम्बन्ध में।	हरिद्वार विकास क्षेत्रान्तर्गत गंगा के किनारे स्थित भवनों को एक रंग में रंगे जाने विषयक प्रस्ताव पर बोर्ड द्वारा सम्यक विचार–विमर्श किया गया तदोपरान्त प्रकरण शासन को सन्दर्भित किये जाने के निर्देश दिये गये।	निर्णय के अनुपालन में अवगत कराना है कि संदर्भित प्रकरण पर शासन स्तर से निर्णय लिए जाने हेतु कार्यालय पत्र संख्या 229(2) दिनांक 23.04.2018 के द्वारा अनुरोध किया गया है।

मद संख्या–64 (13) उत्तराखण्ड परिवहन निगम डिपो कार्यशाला, ऋषिकेश में कन्ज्यूमर डीजल पम्प स्थापित करने हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र जारी करने विषयक प्रस्ताव पर बोर्ड द्वारा सम्यक विचार–विमर्श किया गया तदोपरान्त प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया तथा यह निर्देश दिये गये कि यह देख लिया जाये कि एन0जी0टी0 के निर्देशों के अनुरूप कार्यवाही करने तथा प्रकरण एजेण्डा मद से समाप्त किये जाने के निर्देश दिये गये।

मद संख्या–64 (14) हरिद्वार –रूड़की विकास प्राधिकरण के कार्यो के संचालन हेतु ई0आर0पी0सॉल्यूशन तैयार कराये जाने विषयक प्रस्ताव पर बोर्ड द्वारा नियमानुसार कार्यवाही करने तथा प्रकरण को एजेण्डा मद से समाप्त किये जाने के निर्देश दिये गये।

मद संख्या–64 (15) हरिद्वार – रूड़की विकास प्राधिकरण में ऑनलाईन मानचित्र स्वीकृति एवं अन्य डाटा सुरक्षित रखे जाने हेतु Server एवं Online UPS स्थपित कराये जाने विषयक प्रस्ताव पर बोर्ड द्वारा नियमानुसार कार्यवाही करने तथा प्रकरण को एजेण्डा मद से समाप्त किये जाने के निर्देश दिये गये।

मद संख्या–64 (20) श्री हंस फाउण्डेशन की ओर से श्री विक्रांत पाठक पुत्र श्री सन्तराम पाठक द्वारा ग्राम–बहादराबाद के खसरा नं0– 51/2, 53, 54 तथा 55 में स्थित 14591.00 वर्ग मी0 भूमि पर चैरिटेबिल आई हास्पीटल के निर्माण की स्वीकृति विषयक प्रस्ताव बोर्ड द्वारा नियमानुसार कार्यवाही करने तथा प्रकरण को एजेण्डा मद से समाप्त किये जाने के निर्देश दिये गये।

Secretary Vice Chairman Chairman

18.	64वीं मद संख्या–(18)	शासनादेश संख्या 476/V–2/20 (आ0) 14/ 2015 दिनांक 21 मार्च 2016 के अन्तर्गत नियमित किये गये कार्मिकों को तदर्थ/अनियमित/संविदा पर तैनाती की तिथि से वित्तीय एंव सेवा लाभ तथा वेतनमान की स्वीकृति के सम्बन्ध में।	शासनादेश संख्या–476/V–2/20(आ0) 14/ 2015 दिनांक 21 मार्च, 2016 के अन्तर्गत नियमित किये गये कार्मिकों को तदर्थ /अनियमित /संविदा पर तैनाती की तिथि से वित्तीय एवं सेवा लाभ तथा वेतनमान की स्वीकृति विषयक प्रस्ताव पर बोर्ड द्वारा सम्यक विचार–विमर्श उपरान्त प्रस्ताव पर असहमति व्यक्त करते हुए प्रकरण को अस्वीकृत किया गया तथा विस्तृत परीक्षण कर आगामी बोर्ड बैठक में रखे जाने के निर्देश दिये गये।	निर्णय के अनुपालन में **प्रकरण एजेण्डा मद से समाप्त किये जाने योग्य है।**
19.	64वीं मद संख्या–(19)	ग्राम घुघत्याणी तल्ली, तपोवन, नरेन्द्रनगर, जिला–टिहरी गढवाल के विभिन्न खसरा नम्बरों के कृषि भू–उपयोग से पर्यटन में परिवर्तित किये जाने के सम्बन्ध में।	ग्राम घुघत्याणी तल्ली, तपोवन, नरेन्द्रनगर, जिला–टिहरी गढ़वाल के विभिन्न खसरा नम्बरों के कृषि भू–उपयोग से पर्यटन में परिवर्तित किये जाने विषयक प्रस्ताव बोर्ड द्वारा सम्यक विचार–विमर्श किया गया तदोपरान्त प्रस्ताव अनुमोदित किया गया तथा यह निर्देश दिये गये कि आवेदक की इस बिन्दु पर सहमति ले जी जाय कि वह भू–उपयोग व्यावसायिक में चाहते है या पर्यटन में आवेदक द्वारा अपने पत्र द्वारा भू–उपयोग पर्यटन में किये जाने हेतु अनुरोध किया गया है तद्नुसार उक्त भू–उपयोग कृषि से पर्यटन किये जाने हेतु प्रकरण शासन को सन्दर्भित करने के निर्देश दिये गये।	निर्णय के अनुपालन में अवगत कराना है कि भू उपयोग कृषि से पर्यटन किये जाने के प्रस्ताव पर शासन की अधिसूचना संख्या 1557/V–2–2018–07 (एल0यू0सी0)/2016 दिनांक 26 नवम्बर 2018 द्वारा उल्लिखित विभिन्न खसरों का भू–उपयोग कृषि से पर्यटन में किया जा चुका है। **अतः प्रकरण एजेण्डा मद से समाप्त किये जाने योग्य है।**
20.	64वीं मद संख्या–(20)	श्री हंस फाउण्डेशन की ओर से श्री विकांत पाठक पुत्र श्री सन्तराम पाठक द्वारा ग्राम बहादराबाद के खसरा न0. 51/2, 53, 54 तथा 55 में स्थित 14591.00 वर्ग मी0 भूमि पर चैरीटेबिल आई हास्पीटल के निर्माण की स्वीकृति के सम्बन्ध में।	श्री हंस फाउण्डेशन की ओर से श्री विक्रांत पाठक पुत्र श्री सन्तराम पाठक द्वारा ग्राम–बहादराबाद के खसरा नं0– 51/2, 53, 54 तथा 55 में स्थित 14591.00 वर्ग मी0 भूमि पर चैरिटेबिल आई हास्पिटल के निर्माण की स्वीकृति विषयक प्रस्ताव बोर्ड द्वारा सम्यक विचार–विमर्श किया गया तदोपरान्त भू–उपयोग व्यवसायिक किये जाने हेतु प्रकरण शासन को सन्दर्भित किये जाने के निर्देश दिये गये।	निर्णय के अनुपालन में प्रश्नगत प्रकरण में भू उपयोग परिवर्तन आवासीय से व्यवसायिक किये जाने के सम्बन्ध में आरोपित आपत्तियों के निराकरण हेतु विपक्षी को कार्यालय पत्र संख्या 3898 दिनांक 28.03.2018 द्वारा सूचित किया गया। वर्तमान तक विपक्षी द्वारा आपत्तियों का निराकरण नही किया गया है। आपत्तियों के निराकरण किये जाने के उपरान्त ही नियमानुसार अग्रेत्तर कार्यवाही किया जाना सम्भव होगा।

21.	64वीं मद संख्या–(21)	श्री गौरव जैन पुत्र श्री महेश कुमार जैन द्वारा ग्राम मनोहरपुर , परगना ज्वालापुर, तहसील एंव जिला हरिद्वार के खसरा नम्बर 218, 225, 237 में स्थित भूमि जिसका क्षेत्रफल 4840.00 वर्गमी0 हैं पर होटल निर्माण की स्वीकृति के सम्बन्ध में	श्री गौरव जैन पुत्र श्री महेश कुमार जैन द्वारा ग्राम मनोहरपुर, परगना ज्वालापुर, तहसील एवं जिला हरिद्वार के खसरा नम्बर 218, 225, 237 में स्थित भूमि जिसका क्षेत्रफल 4840.00 वर्ग मी0 हैं पर होटल निर्माण की स्वीकृति विषयक प्रस्ताव पर बोर्ड द्वारा सम्यक विचार–विमर्श किया गया तदोपरान्त प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया।	निर्णय के अनुपालन में ऑनलाईन मानचित्र स्वीकृति कर निर्गत किया जा चुका है। अतः प्रकरण एजेण्डा मद से समाप्त किये जाने योग्य है।
22.	64वीं मद संख्या–(22)	लक्सर रोड पर डी0ए0वी0 कालेज के सामने नगर निगम, हरिद्वार की स्लेज फार्म की भूमि में से लगभग 80 बीघा भूमि प्राधिकरण को प्रधानमंत्री आवासीय योजना एंव अन्य कार्यों हेतु हस्तगत किये जाने के सम्बन्ध में	लक्सर रोड पर डी0ए0वी0 कालेज के सामने नगर निगम, हरिद्वार की स्लेज फार्म की भूमि में से लगभग 80 बीघा भूमि प्राधिकरण को प्रधानमंत्री आवासीय योजना एवं अन्य कार्यो हेतु हस्तगत किये जाने विषयक प्रस्ताव पर बोर्ड द्वारा सम्यक विचार–विमर्श किया गया तदोपरान्त प्रस्ताव पर सैद्धान्तिक सहमति देते हुए सभी पहलुओं /बिन्दुओं पर परीक्षण करने के निर्देश प्राधिकरण को दिये गये।	निर्णय के अनुपालन में अवगत कराना है कि नगर निगम से भूमि हस्तान्तरण हेतु अनुरोध किया गया है। प्रधानमंत्री आवासीय योजना के अन्तर्गत प्रथम चरण में 480 दर्बल आय वर्ग भवनों के निर्माण का प्रस्ताव कार्यालय पत्र संख्या 753 दिनांक 11.06.2018 के द्वारा शासन को प्रेषित किया गया। प्रतिउत्तर अपेक्षित है।
23.	64वीं मद संख्या–(23)	नगर निगम, हरिद्वार की विभिन्न सम्पत्तियों को प्राधिकरण द्वारा कय किये जाने के सम्बन्ध में।	नगर निगम, हरिद्वार की विभिन्न सम्पत्तियों को प्राधिकरण द्वारा क्रय किये जाने विषयक प्रस्ताव पर बोर्ड द्वारा सम्यक विचार–विमर्श किया गया तदोपरान्त प्रस्ताव पर सैद्धान्तिक सहमति देते हुए सभी पहलुओं/बिन्दुओं पर परीक्षण करने के निर्देश प्राधिकरण को दिये गये।	निर्णय के अनुपालन में प्रश्नगत सम्पत्तियों को सर्किल मूल्य के आधार पर हस्तान्तरित किये जाने हेतु कार्यालय पत्र संख्या 54 दिनांक 06.04.2018 के द्वारा नगर निगम हरिद्वार से अनुरोध किया गया है।
24.	64वीं मद संख्या–(24)	उषा ब्रेको द्वारा मंशा देवी रोपवे के संचालन के सम्बन्ध में	उशा ब्रेको द्वारा मंशा देवी रोपवे के संचालन विषयक प्रस्ताव पर बोर्ड द्वारा सम्यक विचार–विमर्श किया गया तदोपरान्त प्रकरण के सभी पहलुओं/बिन्दुओं पर परीक्षण करते हुए प्रस्ताव को अस्वीकृत कर प्रकरण नगर निगम को सन्दर्भित किया जाये।	निर्णय के अनुपालन में **प्रकरण एजेण्डा मद से समाप्त किये जाने योग्य है।**
25.	64वीं मद संख्या–(25)	हरिद्वार –रूडकी विकास प्राधिकरण द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत हुडको से ऋण प्राप्त किये जाने के सम्बन्ध में	हरिद्वार–रूड़की विकास प्राधिकरण द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत हुडको से ऋण प्राप्त किये जाने विषयक प्रस्ताव पर बोर्ड द्वारा सम्यक विचार–विमर्श किया गया तदोपरान्त प्रकरण के सभी पहलुओं/बिन्दुओं पर परीक्षण करने एवं प्राधिकरण में जमा धनराशि का उपयोग सुनिश्चित करने के उपरान्त ही लोन ली गयी धनराशि का आहरण किये जाने के निर्देश दिये गये।	निर्णय के अनुपालन में अवगत कराना है कि वर्तमान तिथि तक हुडको से ऋण का आहरण नहीं किया है। आवश्यकता पडने पर ऋण आहरण की कार्यवाही की जायेगी। **अतः प्रकरण एजेण्डा मद से समाप्त किये जाने योग्य है।**

मद संख्या–64 (22) लक्सर रोड पर डी0ए0वी0 कालेज के सामने नगर निगम, हरिद्वार की स्लेज फार्म की भूमि में से लगभग 80 बीघा भूमि प्राधिकरण को प्रधानमंत्री आवासीय योजना एवं अन्य कार्यो हेतु हस्तगत किये जाने विषयक प्रस्ताव पर बोर्ड द्वारा नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

मद संख्या–64 (23) नगर निगम, हरिद्वार की विभिन्न सम्पत्तियों को प्राधिकरण द्वारा क्रय किये जाने विषयक प्रस्ताव पर बोर्ड द्वारा नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

मद संख्या–66 (04) ऋषिकेश महायोजना प्रारूप–2031 की प्रदर्शनी जन–सामान्य के आपत्ति /सुझाव हेतु लगाये जाने का कार्य किये जाने विषयक प्रस्ताव पर बोर्ड द्वारा विस्तार से चर्चा की गई चर्चा उपरान्त ऋषिकेश महायोजना में प्राधिकरण के निम्न सुझावों को समावेशित किये जाने पर विचार किया गया जिनमें प्रमुखतः :–

(a)–खाण्ड गांव, खाण्ड गांव रायवाला, अपोजिट रायवाला स्टेशन जो कि वर्तमान में महायोजना में है परन्तु अधिसूचित नहीं है को अधिसूचित किया जाय ।

(b)–एन0एच–58 व गंगा नदी के मध्य स्थित क्षेत्र की मृदा संरचनाओं के दृष्टिगत रखते हुए जोनिंग रेगुलेशन के प्रस्तर–7 की व्यवस्थाओं के अतिरिक्त अनावसीय (अंश) भवनों में भी अधिक ऊँचाई विशेष परिस्थितियों में जोनिंग की व्यवस्था अनुसार प्राधिकरण बोर्ड द्वारा विचारणीय होगी ।

(C)–हिल्स के मानकों के अनुकूल पर्यटन भू–उपयोग में भवनों की ऊँचाई 12 मीटर की जायें ।

(d)–ग्राम नीरगढ से कौडियाला (ग्राम पट्टी धमान्स्यू) तक एन0एच0–58 के किनारे 500 मीटर से 1000 मीटर के क्षेत्र को पर्यटन को प्रोत्साहन एवं सुदृढ़ीकरण हेतु इको रिर्जोट /रिर्जोट /होटल/गैस्ट हाउस/ईको टूरिज्म प्रोत्साहन मानक अनुसार प्राधिकरण बोर्ड के माध्यम से अनुमन्य होंगे।

Secretary Vice Chairman Chairman

अध्यक्ष की अनुमति से अन्य मद				
26.	64वीं मद संख्या–(26)	नगर एंव ग्राम नियोजन विभाग के सेवा निवृत्त वरिष्ठ नियोजक श्री शर्मा को संविदा पर रखे जाने विषयक	1–ऋषिकेश महायोजना के अन्तिमीकरण हेतु नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग के सेवानिवृत्त वरिष्ठ नियोजक श्री शर्मा की सेवायें लिए जाने पर बोर्ड द्वारा सहमति दी गई तथा वित्त विभाग के आदेशानुसार भुगतान किया जाने के निर्देश प्राधिकरण को दिये गये।	निर्णय के अनुपालन में अवगत कराना है कि ऋषिकेश महायोजना 2031 के ड्राफ्ट तैयार किये जाने हेतु नियोजन विभाग से सेवानिवृत्त वरिष्ठ नियोजक, श्री विजय पाल शर्मा की सेवायें नियोजन विभाग द्वारा प्राप्त की गयी हैं। जिसका बिल प्राप्त होने पर भुगतान की कार्यवाही की जायेगी। अतः प्रकरण एजेण्डा मद से समाप्त किये जाने योग्य है।

मद संख्या 66 (03)

हरिद्वार–रूडकी विकास प्राधिकरण, की 65 वीं बोर्ड बैठक (परिचालन के माध्यम से) दिनांक 09.03.2018 की अनुपालन आख्या :–

मद सख्या 65(01)	जनपद हरिद्वार स्थित उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग द्वार निर्माणधीन निरीक्षण कक्ष/निरीक्षण भवन को सील मुक्त करने के सम्बन्ध में।	उत्तरी खण्ड गंग नहर उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग, रूड़की, हरिद्वार द्वारा हरिद्वार–रूड़की मार्ग पर तिरछे पुल के समीप केशव आश्रम मायापुर हरिद्वार में उक्त स्थल पर बेसमेन्ट के निर्माण हेतु खुदाई का कार्य पूर्ण करते हुये राफ्ट हेतु सरिया बिछाने का कार्य किया जा रहा है व किये जा रहे निर्माण की कोई स्वीकृति नही दिखाने के कारण उत्तराखण्ड नगर एवं ग्राम नियोजन तथा विकास अधिनियम–1973, की धारा 27/28 के अन्तर्गत कारण बताओ नोटिस एवं विकास कार्य रोकने सम्बन्धी नोटिस जारी कर अनाधिकृत निर्माण सम्बन्धी वाद संख्या नो0/हरि0/54/2016–17 दिनांक 16 जून 2016 अधिशासी अभियन्ता, उत्तरी खण्ड गंग नहर, सिंचाई विभाग रूड़की, हरिद्वार के विरूद्ध योजित किया गया। सिंचाई विभाग द्वारा नोटिस का कोई सन्तोषजनक उत्तर न दिये जाने के कारण प्रश्नगत अनाधिकृत निर्माण को दिनांक 08.07.2016 को सील किया गया था। विपक्षी के द्वारा प्राधिकरण द्वारा लगाई गयी सील को हटाते हुये पुनः निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिये जाने के फलस्वरूप पुनः उक्त अनाधिकृत निर्माण को दिनांक 20.12.2017 को सील किया गया। उक्त निर्माण को पुनः सील करने के पश्चात् अधिशासी अभियन्ता, उत्तरी खण्ड गंग नहर रूड़की ने अपने पत्र दिनांक 21.12.2017 द्वारा सिंचाई विभाग द्वारा किये जा रहे नये गेस्ट हाउस के निर्माण जिसे प्राधिकरण द्वारा सील किया गया था, कि अनुमति प्रदान करने के साथ–साथ राजकीय हित निर्माण को सील मुक्त करने का अनुरोध किया गया है। इस सम्बन्ध मे अवगत कराना है कि सिंचाई विभाग द्वारा भवन को बार–बार सील मुक्त करने हेतु अनुरोध किया जा रहा है। प्रश्नगत निर्माण हेतु सिंचाई विभाग द्वारा अपनी भूमि का क्षेत्रफल 19400.00 वर्ग मीटर बताया गया है। जिसमें 981.00 वर्ग मीटर में भवन बनाने का उल्लेख है। प्रश्नगत निर्माण को हरिद्वार–रूड़की मार्ग से 12.00 मीटर पहुच मार्ग दिखाया गया है। प्रश्नगत स्थल का हरिद्वार महायोजना–2025 मे भू–उपयोग आश्रम दर्शाया गया है। महायोजना जोनिंग रेगुलेशन के अनुसार न्यूनतम 18.00 मीटर चौड़े मार्ग पर व 1500.00 वर्ग मीटर तक के भूखण्ड क्षेत्रफल मे सामुदायिक भवन, होटल, निरीक्षण भवन, गेस्ट हाउस, व्यवसायिक प्रतिष्ठान आदि आवासीय क्षेत्र मे अधिकतम भू–आच्छादन, क्षेत्रफल व एफ0ए0आर0 की सीमा तक अनुमन्य किये जाने का उल्लेख है। परन्तु 1500.00 वर्ग मीटर से अधिक के भूखण्ड पर होटल, स्थानीय निकाय, राज्य एवं केन्द्र सरकार एवं सार्वजनिक उपकम के कार्यालय प्राधिकरण बोर्ड द्वारा अनुमन्य किये जाने का उल्लेख है, परन्तु निरीक्षण भवन का कोई उल्लेख नहीं है। चूँकि उक्त भूखण्ड 1500.00 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल का है और स्थल को हरिद्वार–रूड़की मुख्य मार्ग से 12.00 मीटर पहुंच मार्ग पर दिखाया गया है, अतः 12.00 चौड़े मार्ग पर निरीक्षण भवन/नियन्त्रण कक्ष की अनुमति दिये जाने हेतु प्रस्ताव प्राधिकरण बोर्ड द्वारा परिचालन विधि से अनुमोदित।	निर्णय के अनुपालन में कार्यालय पत्र संख्या 3662 दिनांक 09 मार्च 2018 द्वारा प्रश्नगत निरीक्षण भवन/नियंत्रण कक्ष में प्राधिकरण द्वारा लगायी गयी सील को खोले जाने हेतु सम्बन्धित अवर अभियन्ता को निर्देशित किया गया। जिसके अनुपालन में दिनांक 14.03.2018 को उक्त भवन में प्राधिकरण द्वारा लगायी गयी सील हटाई गयी। **अतः प्रकरण एजेण्डा मद से समाप्त किये जाने योग्य है।**

मद संख्या 66 (04)

ऋषिकेश महायोजना प्रारूप–2031 की प्रदर्शनी जन–सामान्य के आपत्ति/सुझाव हेतु लगाये जाने का कार्य किये जाने विषयक

कृपया अवगत कराना है कि ऋषिकेश महायोजना भाग–ब तैयार किये जाने का कार्य नियोजन विभाग द्वारा किया जा रहा है । मुख्य नियोजक द्वारा अवगत कराया गया कि महायोजना के ड्राफ्ट को तैयार कर दिया गया है, जिस पर कार्य को शीघ्र सम्पन्न करने के निर्देश बोर्ड द्वारा दिये गये थे।

ऋषिकेश महायोजना के सम्बन्ध में मा0 उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड, नैनीताल द्वारा रिट याचिका (पी0आई0एल00189 संख्या–63/2017 श्री अनिल विष्ट बनाम स्टेट ऑफ उत्तराखण्ड आदि में पारित आदेश दिनांक 20–04–2018 में मा0 न्यायालय द्वारा आदेश की तिथि से 09 माह की अवधि में प्राधिकरण को ऋषिकेश महायोजना को पूर्ण करने तथा शासन को अधिनियम की धारा 10 के अधीन स्वीकृति प्रदान करने के निर्देश दिये गये है। उक्त कम में वरिष्ठ नियोजक/ सहयुक्त नियोजक, गढ़वाल सम्भागीय नियोजन खण्ड, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उत्तराखण्ड, देहरादून द्वारा अपने पत्रांक 459/गढ़वाल /महायोजना–ऋषिकेश/2018 दिनांक 27–06–2018 तथा मुख्य नगर एवं नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उत्तराखण्ड देहरादून द्वारा अपने पत्रांक–1337/नग्रानि/ह0रू0वि0प्रा0/2018 दिनांक 02–07–2018 द्वारा सूचित किया गया है कि रिट याचिका (पी0आई0एल0) सं0–63 /2017 श्री अनिल कुमार विष्ट बनाम स्टेट ऑफ उत्तराखण्ड आदि में पारित आदेश दिनांक 20–04–2018 के कम में अवगत कराया गया है कि ऋषिकेश महायोजना प्रारूप–2031 के मानचित्र तथा प्रतिवेदन लेखन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। तत्पश्चात ऋषिकेश महायोजना प्रारूप–2031 पर जनसामान्य से आपत्ति/सुझाव प्राप्त किये जाने हेतु प्रदर्शनी लगायी जानी है। अतः इस हेतु तैयार की गयी महायोजना प्रारूप पर विचार करते हुए बोर्ड बैठक में अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किये जाने का अनुरोध किया गया है।

अतः नियोजन विभाग द्वारा तैयार करायी गयी ऋषिकेश महायोजना प्रारूप–2031 पर बोर्ड की स्वीकृति तथा जन–सामान्य से आपत्ति/सुझाव प्राप्त किये जाने के दृष्टिगत प्रदर्शनी लगाये जाने की अनुमति प्रदान किये जाने हेतु प्रस्ताव प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष विचारार्थ /अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

2
ATI

सीमा–विस्तार सम्बन्धी बिन्दु पर बोर्ड द्वारा विस्तार से चर्चा की गई तथा कुम्भ /अर्द्ध कुम्भ मेले एवं तीर्थाटन के दृष्टिगत तहसील नरेन्द्रनगर के ढालवाला, मुनिकीरेती, तपोवन से कोडियाला तक का क्षेत्र एवं पौडी जनपद के स्वर्गाश्रम क्षेत्र जो कि जनपद स्तरीय प्राधिकरण में भी अधिसूचित हो गये है उक्त क्षेत्र जो पूर्व से ऋषिकेश महायोजना में सम्मिलित किये है, के सम्बन्ध में बोर्ड द्वारा सर्व–सम्मति से निर्णय लिया गया तथा इस सम्बन्ध में बोर्ड की संस्तुति अध्यक्ष/आयुक्त के माध्यम से शासन को सन्दर्भित किये जाने के निर्देश दिये गये ।

ऋषिकेश महायोजना–2031 पर व्यापक जन–सामान्य के सुझाव आमन्त्रित किये जाने हेतु उपाध्यक्ष, हरिद्वार–रूड़की विकास प्राधिकरण की अध्यक्षता में निम्नवत समिति गठित की गई :–

1–डी0एफ0ओ0 देहरादून, सदस्य

2–सचिव, एच0आर0डी0ए0, सदस्य

3–मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, (प्रतिनिधि, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उत्तराखण्ड), सदस्य

4–नगर आयुक्त, नगर निगम ऋषिकेश, सदस्य

5–अधिशासी अभियन्ता, एच0आर0डी0ए0, सदस्य

6–अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड ऋषिकेश, सदस्य

7–अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका, मुनिकीरेती, सदस्य

